महत्वपूर्ण एवं खास

जिले में मनाया जा रहा शिशु संरक्षण माह, विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए बच्चों को लगाये जायेंगे टीके

रायगढ़। कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में 24 अगस्त से 28 सितम्बर 2021 तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विटामिन ए लक्षित खुराक 99402, विटामिन ए लेने से रतौंधी, दस्त, संक्रमण, बुखार तथा कुपोषण की संभावना कम रहती है। आईएफए सीरप लक्षित खुराक 109490 कुल 3590 सत्र के दौरान 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को फोलिक एसिड व विटामिन ए पिलाया जाएगा। इस दौरान महिला स्वास्थ्य संयोजक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की विशेष भूमिका रहेगी। छूटे हुये नियमित टीकाकरण के बच्चों को प्रतिरक्षा के लिए बीसीजी, हेपेटाइटिसबी, डीपीटी, ओपीबी, मीजल्स, रूबैला तथा पेण्टावायलेन टीके भी लगाए जायेंगे। डॉ.केशरी ने मंगलवार एवं शुक्रवार को शिशु संरक्षण माह के दौरान लक्षित हितग्राही को टीके लगाकर अभियान को सफल बनाने में शासन का सहयोग प्रदान करने हेतु आग्रह किया है।

दिव्यांग बच्चों का किया गया परीक्षण, दिए गए उन्हें सहायक उपकरण

रायगढ़। राजीव गांधी शिक्षा मिशन रायगढ़ (समग्र शिक्षा) द्वारा विकास खण्ड के दूरस्थ क्षेत्रों से आये दिव्यांग बच्चों का परीक्षण विकास खण्ड स्त्रोत केन्द्र कार्यालय धरमजयगढ़ में किया गया। परीक्षण में रायगढ़ से आये डॉ.खुशबू साहू फिजियोथैरेपिस्ट एवं कु.प्रतिभा गवेल स्पीच थैरेपिस्ट के द्वारा 37 बच्चों को उनके समस्या के आधार पर आवश्यक सुझाव एवं भौतिक चिकित्सा कर उन्हे दैनिक जीवन में किस प्रकार अभ्यास कर उक्त समस्याओं को दूर करने हेतु रिसोर्स रूम में दिव्यांग बच्चों को अभ्यास कराया गया। उनके साथ आये पालकों को भी किस प्रकार अभ्यास से बच्चों को उक्त समस्या से निदान एवं उन्हे सामान्य दैनिक गतिविधि से जुड़ने एवं अपने शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास करने में आवश्यक सुझाव प्रदान किया गया। जिला कार्यालय से प्राप्त सहायक उपकरण जैसे-श्रवण यंत्र 06, ब्रेल कीट 01, ब्लाइंड स्टीक 01, एम.आर.कीट 02, व्हील चेयर 01, वाकर 02 तथा लो विजन कीट 01, दिव्यांग बच्चों को प्रदाय किया गया। उक्त विकास खण्ड स्तरीय कार्यशाला में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एस.आर.सिदार, खण्ड समन्वयक एन.पी.बिशी, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एस.आर.सारथी, बी.आर.सी.लेखापाल आर.पी.यादव, समावेशी शिक्षा प्रभारी सत्यप्रकाश पैकरा, जतिन विश्वकर्मा, निलाम्बर राठिया, जगदीश प्रसाद साहू के द्वारा विशेष सहयोग एवं उक्त कार्यशाला में उपस्थित रहे।

बोगस मैट्रिमोनियल आफिस खोलकर कर जीवनसाथी ढूंढने वालों से ठगी, दो महिलाएं गिरफ्तार

» दोनों के बैंक अकाउंट कराए गए होल्ड

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर फर्जी मैट्रिमोनियल आफिस के जरिए युवक-युवतियों के साथ धोखाधड़ी कर रहे गिरोह का नगर कोतवाल मनीष नागर की टीम द्वारा भंडाफोड़ किया गया है, कोतवाली पुलिस इस फर्जीवाड़े धंधे में शामिल दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है, अब तक करीब 30 से अधिक लोगों के साथ धोखाधड़ी कर दोनों 86,000 रूपये अपने खाते में जमा करा ली थी, कोतवाली पुलिस द्वारा इनके बैंक अकाउंट्स को होल्ड कराया गया है। धोखाधड़ी के अपराध में दोनों आरोपिया को गिरफ्तार कर आज शाम न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार दुर्ग निवासी बी.आर. कठाने (59 साल) द्वारा धोखाधड़ी के संबंध में पंजीकृत डाक से शिकायत पत्र पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के नाम पर प्रेषित किया गया।

शिकायतकर्ता के अनुसार रायगढ़ में रहने वाली रीतु शर्मा और ममता रैकवार उर्फ प्रिया शर्मा मेरीज ब्यूरो चलाती हैं। दोंनो अपने सम्पर्क नम्बर देकर अखबार में वर चाहिये का विज्ञापन छपवाये हैं। पुत्र की शादी के सिलसिले में उनके सम्पर्क नम्बर पर काल करने पर वे किसी महिला का फोटो वाट्सअप पर भेजकर अपने मोबाइल से कान्फ्रेस में लेकर किसी महिला से बात कराते, उसके बाद मैरिज ब्यूरो की फीस जमा करने बोली। उनकी फीस (1000 रू से 5000 रू तक) होती है। वे आनलाइन बैंक खाते में रूपये जमा कराते है, पैसा जमा होने के बाद फोन बंद कर देते है, काल नही उठाते या हमारे मोबाइल नम्बर को ब्लैक लिस्ट में डाल देते है। इनके द्वारा भोले भाले लोगों से मैरीज ब्यूरो के नाम पर ठगी की जा रही है। खाता धारक रितु शर्मा नाम की महिला के कहने पर उसके अकाउंट में 1000 रूपये दिनांक 12/07/2021 को जमा कराया था।

शिकायत पत्र जांच के लिये टीआई मनीष नागर को प्राप्त होने पर तत्काल इसी फर्जी मैरिज ब्यूरो का पता लगाए किंतु ऐसा कोई मैरिज ब्यूरो रायगढ़ में नहीं था तब मोबाइल नंबर के जरिए महिलाओं का पता लगाकर अपनी टीम के साथ दोनों महिलाओं को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपिया 1- कु. ममता रैकवार उर्फ प्रिया शर्मा उर्फ पूनम सिंह पिता सुकलाल रैकवार उम्र 25 वर्ष निवासी नरसिंह जिला दमोह म्र0प्र0 हा.मु. बजरंगपारा रायगढ़ 2- रीतू शर्मा पिता मुन्ना शर्मा उम्र 23 वर्ष बजरंगपारा रायगढ़ से पूछताछ करने पर बताई कि दोनों मैट्रिमोनियल साइड में पहले जॉब की हैं, अनुभव लेने के बाद दोनों रायगढ़ में बिना आफिस खोले अखबारों में वर चाहिये, वधु चाहिये विज्ञापन अपने सम्पर्क नम्बर के साथ देती थीं, जिससे लोग इनसे सम्पर्क करते थे। तब दोनों नेट से निकालकर अन्य युवक, युवतियों के फोटो उन्हें दिखाया करती थी। दोनों 1000 रूपये रजिस्ट्रेशन फीस रखी थी, बाद में युवक-युवतियों के मुलाकात कराने के नाम पर अपने बैंक खाते में रूपये ट्रांसफर कराती थी।

दोनों के द्वारा करीब 30 व्यक्तियों के साथ धोखाधड़ी कर 86,000 रूपये अपने खाते में जमा करा चुकी थी। कोतवाली टीआई नागर द्वारा इनके बैंक अकाउंट को होल्ड कराया गया है, खाते से दोनों काफी रूपये निकाल चुकी हैं। शिकायत पत्र पर से अप.क्र. 1207/2021 धारा 419, 420, 34 आईपीसी में दोनों आरोपिया को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली एवं सायबर सेल को ऐसे शिकायतों पर गंभीरता पूर्वक कार्रवई करने का निर्देश दिया गया है, कोतवाली पुलिस इस फर्जीवाड़े की बारीकी से जांच की जा रही है, अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता पर वैधानिक कार्रवाई की जावेगी।

युवती के फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में युवक पर एफआईआर दर्ज

रायगढ़। जानकारी के अनुसार दिनांक-12.08.2021 को थाना घरघोड़ा में 21 वर्षीय युवती उसके घर के सिलिंग पंखे में अपनी ओढनी से फांसी लगाकर फौत की सूचना पर मर्ग क्र. 72/21 धारा 174 जा.फौ. कायम कर जांच में लिया गया। जांच में पाया गया कि उरांवपारा घरघोडा में रहने वाला भोलू उरांव का युवती के साथ प्रेम प्रसंग था। भोलू उरांव युवती को शादी का सपना दिखाकर मुकर गया और दूसरी लड़की के साथ सगाई रचाया। जिसकी जानकारी युवती को होने पर उसने भोलू उरांव को कॉल तथा व्हाट्सएप मैसेज कर धोखा देने का कारण पूछी तो भोलू उरांव उसके चरित्र पर लांछन लगाने लगा, दोनो के बीच विवाद पर युवती मानसिक रूप से प्रताडित होकर मान सम्मान को ठेस पहुंचने से आत्मग्लानि वश आत्महत्या का कदम उठाई। मर्ग जांच पर आरोपी भोलू उरांव के विरूद्ध अप.क्र. 279/2021धारा 306 भादवि का अपराध दर्ज किया गया। आरोपी भोलू उरांव पिता स्व. रेशमलाल उरांव उम्र 24 वर्ष निवासी उरांवापारा घरघोड़ा के विरूद्ध पर्याप्त सबूत जुटाकर आज आरोपी भोलू उरांव को आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

बाइक से शराब परिवहन कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार

» आरोपियों से 19 लीटर महुआ शराब व पल्सर बाइक जब्त

रायगढ़। दिनांक 26/08/2021 को चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक गिरधारी साव के नेतृत्व में जूटमिल पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा पल्सर पर शराब परिवहन कर रहे दो लोंगो को अवैध बिक्री के लिये महुआ शराब लाते हुये पकड़ा गया, जिनसे अवैध शराब व बाइक की जप्ती कर आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर दोनों को आज दोपहर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार आज दिनांक 26/08/2021 के सुबह करीब 10:00 बजे चौकी प्रभारी जूटमिल को छातामुड़ा की ओर से दो लड़कों द्वारा बाइक पर शराब लेकर जूटमिल की ओर आने की सूचना मिला। सूचना पर चौकी प्रभारी पेट्रोलिंग पार्टी को नाकेबंदी कर कार्रवाई का निर्देश दिये। पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा सांई पेट्रोल पंप छातामुड़ा रोड के पास एक लाल काला पल्सर बाइक पर 20 लीटर क्षमता वाले गोल प्लास्टिक डब्बा को बीच में रखकर आ रहे युवकों को रोककर चेक किया गया। प्लास्टिक डिब्बा के अंदर करीब 19 लीटर महुआ शराब कीमती 1900 रुपए का पाया गया। दोनों युवक इसे अवैध रूप से बिक्री करने लेकर आना बताये। आरोपी 1- चंदन शाह पिता बांकेलाल शाह उम्र 28 वर्ष 2- अर्जुन साहू पिता चंदेशर साहू उम्र 19 वर्ष दोनों निवासी पुलिस चौकी पीछे जूटमिल से महुआ शराब एवं बजाज पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एजे 0339 कीमती करीब 80,000 रुपए को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है।

ग्रामीण जरूरतों पर आधारित तैयार हो रही विकास की कार्ययोजना- मंत्री उमेश

» उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने खरसिया विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में 24 लाख से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

रायगढ़। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल आज खरसिया विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों पहुंचकर जनसंपर्क किया तथा 24.26 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। उन्होंने खरसिया विकासखंड के बगडेवा में 17.81 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं से ग्रामवासियों की आर्थिक सहायता के साथ आजीविका

संवर्धन के मौके तैयार हो रहे हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से धान के साथ अन्य फसल के लिए सहायता राशि मिलना हो, कई वनोपजों को समर्थन मूल्य के दायरे में लाकर दामों में वृद्धि, बिजली बिल आधा करना, गोधन न्याय योजना जैसी योजनाओं से लोगों को रोजगार के साथ आय वृद्धि के अवसर मिल रहे है। छत्तीसगढ़ सरकार अब गांवों में निवासरत भूमिहीन श्रमिकों के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना प्रारंभ करने जा रही है। इससे खेतिहर मजदूरों को भी सहायता राशि मिलेगी। इन सभी योजनाओं से ग्रामवासियों को लाभ हो रहा है उनके हाथों को काम मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि जनसम्पर्क के माध्यम से लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझना है, जिसके आधार पर कार्ययोजना तैयार करते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा सके। इस दौरान ग्रामवासियों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिसका उन्होंने निराकरण करने के निर्देश एसडीएम को दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूर्णिमा विजय जायसवाल, अध्यक्ष जनपद पंचायत खरसिया महेत्तर उरांव, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, जनपद सदस्य गौतम राठिया, हीरालाल सिदार, मनोज गबेल, राज सिदार, भोला राठौर, एसडीएम खरसिया अभिषेक गुप्ता सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन व विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बगडेवा में 17 लाख से अधिक के कार्यों का हुआ लोकार्पण- उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने आज अंचल के ग्राम बगडेवा में 17 लाख से अधिक के कार्यों का लोकार्पण किया। जिसमें पीडीएस भवन और आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य शामिल है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गांवों में अधोसंरचनात्मक विकास की जरूरतों के अनुरूप कार्य लगातार किये जा रहे हैं। जिससे ग्रामवासियों को सभी बुनियादी सुविधाएं मुहैय्या हो। उन्होंने बगडेवा और कलमीपाठ में आंगनबाड़ी केंद्र भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने ग्रामवासियों को बधाई देते हुये कहा कि इससे बच्चों को एक सुविधायुक्त भवन मिलेगा।

स्मार्ट फोन बनी दृष्टिबाधित छात्राओं की रोशनी

» ऑनलाईन पढ़ाई के लिए कलेक्टर सिंह ने दिया दृष्टिबाधित 2 छात्राओं को मोबाइल

रायगढ़। कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान विद्यालय बंद होने की वजह से अध्ययनरत स्कूली छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। शासन द्वारा इस संकट की घड़ी में विद्यार्थी पढ़ाई से वंचित न हो इसके लिए सभी स्कूलों में ऑनलाईन कक्षाएं शुरू की गई। परंतु स्मार्ट फोन से वंचित विद्यार्थी को इस दौर में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जिले के आदिवासी विकासखण्ड लैलूंगा के ग्राम-गोसाईडीह की दो दृष्टिबाधित छात्राएं कु.अनिता प्रधान एवं कु.बनिता प्रधान ने डिजिटल शिक्षा में सहयोग के लिए एन्ड्रायड मोबाइल की मांग समाज कल्याण विभाग से की थी। अत्यंत गरीब परिवार से संबंध रखने वाली ये दोनों छात्राएं शत-प्रतिशत नेत्रहीन होने के बावजूद तमाम बाधाओं को पार करते हुए वर्तमान में स्नातक/स्नातकोत्तर जैसी उच्च शिक्षा में अध्ययनरत है। कोविड-19 महामारी के समय ऑनलाईन अध्ययन की चुनौतियों से निपटने के लिए स्मार्ट फोन बेहद कारगर है। ऐसे में इनकी शिक्षा की ललक को देखते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा विभागीय महत्वाकांक्षी योजना कृत्रिम अंग सहायक उपकरण अंतर्गत इन दोनों दृष्टिहीन छात्राओं को कलेक्टर भीम सिंह द्वारा स्मार्ट फोन प्रदाय किया गया।

रायगढ़ जिले में उद्योग चेंबर के गठन को लेकर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौबे ने ली बैठक

रायगढ़। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायगढ़ जिला इकाई अध्यक्ष गोपी सिंग, प्रदेश उपाध्यक्ष किशोर तलरेजा,कैट (कंफेड्रशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स) के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश जेठहानी, कोषाध्यक्ष राहुल मोड़ा, प्रदेश मंत्री नरेन्द्र जुनेजा, महासचिव मनीष उदासी ने बताया की प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (उधोग चेंबर) के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौबे ने रायगढ़ में उधोग चेंबर के गठन को लेकर एक बैठक अपने रायगढ़ प्रवास के दौरान ली जिसमें उधोग चेंबर के कार्य एवं गठन को लेकर सार्गर्भित चर्चा की एवम आने वाले समय में रायगढ़ जिले के लिए उधोग व्यापार को बढ़ावा देने के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा की। इसी तारतम्य में उधोग चेंबर के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौबे ने बताया की थाईलैंड इन्वेस्टमेंट बोर्ड एवम छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड

इंडस्ट्रीज (उधोग चेंबर) के संयुक्त तत्वावधान में दीपाक्षिय वार्ता का आयोजन दिनांक 27अगस्त को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मीटिंग के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है जिसमें रायगढ़ में बन रहे उत्पादों को थायलैंड में एक्सपोर्ट करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। आगे संजय चौबे ने बताया की प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के साथ प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी जी के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारीयों के साथ एक बैठक रखी गई थी जिसमें चेंबर की सभी मांगों को मानकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। रायगढ़ जिले से लगे गांवो में वर्तमान में बहुत से कुटीर एवम ग्रामों उधोग चल रहें है , रायगढ़ जिले के चेंबर के पदाधिकारीयो से चर्चा करते हुए चौबे ने बताया की केन्द्र शासन ने इन कुटीर उद्योगों के लिए 365 के क्रय हेतु आरक्षित किया है जिसकी जानकारी कुटीर उद्योग के संचालकों तक दी जाय ताकि अपने बनाएं उत्पादों को वे आसानी से केन्द्र सरकार के उपक्रमों में विक्रय कर आमदनी अर्जित कर सके।

इसी कड़ी में रायगढ़ जिले में उधोग एवं व्यापार से जुड़े सभी लोगों को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य बनाए जानें पर संजय चौबे ने जोर देते हुए कहा की इस हेतु एक लिंक शीघ्र ही भेजी जाएगी ताकि अधिक से अधिक व्यापारी चेंबर की सदस्यता प्राप्त कर सके। कार्यक्रम के अंत में महासचिव मनीष उदासी ने आभार प्रदर्शन किया।

आंगनबाड़ी केन्द्रों में जल्द मिलने शुरू होंगे रागी के लड्डू

» ओडिसा से आए एक्सपर्ट ने महिला समूहों को दी ट्रेनिंग

रायगढ़। रागी पौष्टिक गुणों से भरपूर होती है, इससे बने लड्डू बच्चों को कुपोषण मुक्त करने के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। जल्द ही आंगनबाड़ी केन्द्रों में रागी के लड्डू का वितरण शुरू होने जा रहा है। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में कही। जिले के आदिवासी विकासखण्डों के आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों के कुपोषण मुक्ति के लिए रागी लड्डू देने का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। जिसके संबंध में यह एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें महिला समूहों को रागी से लड्डू तैयार करने के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें विशेष रूप से वासन संस्था राज्य स्तरीय रेसपी एक्सपर्ट ओडिसा से श्रीमती शबनम, जिला स्तरीय रागी प्रोग्राम लीड सुन्दरगढ़ आबिद तथा स्टेट प्रोग्राम आफिसर नीरजा कुद्रीमोती आमंत्रित थी। उन्होंने ओडिसा में बनाए जा रहे रागी मिक्स की क्वालिटी एवं उनमें मिलाए जाने वाले अन्य चीजों की मात्रा के बारे जानकारी दी।

आए हुये एक्सपर्ट में रागी लड्डू निर्माण की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से उपस्थित समूह को बताया। इसके साथ ही उन्होंने रागी लड्डू के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले रागी, शक्कर, मूंगफली, तिल आदि की सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा, जिससे लड्डू को विशेष रूप से कुषोषित बच्चों को पोषण आहार के रूप में दिया जा सके। साथ ही उन्होंने बताया कि ओडिसा में 20 ग्राम रागी मिक्स एक बच्चे को माह में दिया जा रहा है। जिससे कुपोषित बच्चों में अच्छा परिणाम देखने को मिला है। श्रीमती शबनम ने कहा कि पैकेजिंग में भी विशेष ध्यान रखे एवं पैकेट में निर्माण तिथि, उपयोग करने की अंतिम तिथि तथा समूह का नाम जैसे अन्य जानकारी को भी अनिवार्य रूप से अंकित करने को कहा। प्रशिक्षण में महिला बाल विकास अधिकारी टी.के.जाटवर, पर्यवेक्षक, महिला समूह एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480